## महत्वपूर्ण एवं खास



### महिला का बनाया अश्लील वीडियो, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक घर में काम करने गए 2 युवकों ने उसी घर की महिला का एक अश्लील वीडियो बना लिया। दोनों उस घर में टाइल्स लगाने का काम करने गए थे। फिर मौका मिला तो उन्होंने महिला के नहाते वक्त का वीडियो बना लिया। मगर उसी वक्त महिला का पति घर पहुंच गया और अब पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला रामपुर चौकी क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि रामपुर चौकी क्षेत्र में रहने वाले एक परिवार के यहां टाइल्स लगाने का काम किया जाना था। इस परिवार में पति-पत्नी ही रहते हैं। टाइल्स लगाने का काम ओसामा हुसैन18 और तंजीम खान19 को दिया गया था। रविवार को दोनों ने काम करना शूरू कर दिया इस दौरान महिला का पति किसी काम से बाहर गया था। इधर, महिला का पति जैसे बाहर गया। कुछ समय बाद महिला घर के ही बाथरूम में नहाने के लिए गई थी। इसी वक्त दोनों आरोपी दीवार के पीछे से महिला का वीडियो बनाने लगे। दोनों वीडियो बनाने में लगे थे। इतने में महिला का पति फिर वापस घर पहुंच गया और उसने दोनों की ये हरकत देख ली। जिसके बाद दोनों को पकड़ लिया गया। इसके बाद आस-पास के लोगों को भी बुलाया गया। बाद में पुलिस को भी इसकी जानकारी दी गई। तब पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### नक्सलियों के मंसूबों पर फिरा पानी सुरक्षाबलों ने निष्क्रिय किया आईईडी

**सुकमा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में एक बार फिर नक्सलियों के नापाक मंसूबे नाकाम हो गए। यहां सुरक्षाबलों को निशाना बनाने नक्सलियों ने आईईडी बम लगाया था, जिसे जवानों ने बरामद कर निष्क्रिय कर दिया है। मामला पोलमपल्ली थाना क्षेत्र का है। घटना की पुष्टि सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने की है। मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षाबलों को निशाना बनाने पोलमपल्ली अतुल पारा के जंगलों में नक्सलियों ने आईईडी बम लगा रखा था। इसे सीआरपीएफ 74वीं वाहिनी और पोलम्पल्ली थाना की टीम ने बरामद किया है। इसके बाद जवानों ने विस्फोट कर आईईडी को निष्क्रिय कर दिया है।

### करंट लगने से बिजली खंबे से गिरकर लाइनमैन की हुई मौत

**कांकेर (आरएनएस)।** कोतवाली थाना क्षेत्र शीतलापारा में बीती रात पोल पर चढक़र काम कर रहे एक लाइनमैन की रिवर्स करंट के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लाइन मैन सुबह से शाम तक अलग-अलग पोल पर चढक़र लाइन दुरूस्त करने में लगा था। इसी दौरान देर शाम करीब 7.30 बजे करंट के चपेट में आने से वह बिजली खंबे से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### 480 किलो गांजे से भरा ट्रक जप्त दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई नारकोटिक्स सेल और उरला पुलिस की ओर से की गई है। मिली जानकारी के अनुसार नारकोटिक्स सेल के इनपुट पर गांजे की बड़ी खेप के साथ दो गांजा तस्कर गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है। रायपुर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 480 किलो गांजे से भरा ट्रक जब्त किया है। दोनों तस्कर ओडिशा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। तस्करों से पूछताछ के बाद मिले सुराग के साथ नारकोटिक्स सेल और रायपुर पुलिस की टीम ओडिशा रवाना हो गई है। ट्रक समेत जब्त गांजे की कीमत करीब 29 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा करेगी। उरला थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# अंदरुनी धुर नक्सल इलाकों में डीएमएफ से मिले चार बसों का संचालन कर रही है युवा परिवहन समिति

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के भैरमगढ़ एवं उसूर ब्लॉक के अंदरुनी धुर नक्सली प्रभावित ईलाकों में जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय युवा परिवहन समिति के माध्यम से बस सेवा संचालित करने के फलस्वरुप अब उक्त दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीणों को बारहमासी आवागमन सुविधा मिल सकेगी। अंदरुनी धुर-नक्सली प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों को ब्लाक एंव जिला मुख्यालय तक आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला खनिज न्यास निधि से 04 बसों का संचालन स्थानीय युवा परिवहन समिति के जरिये किया जा रहा है। जिसके तहत् भैरमगढ़ ब्लाक अंतर्गत बेचापाल से बीजापुर एवं बेदरे से बीजापुर और उसूर ब्लाक अंतर्गत गलगम से बीजापुर सहित सीमावर्ती सुकमा जिले के सिलगेर से बीजापुर तक बस संचालित किया जा रहा है।



इन क्षेत्रों में बसों के संचालन से ग्रामीणों के बच्चे पढ़ाई के लिए ब्लाक एवं जिला मुख्यालय तक आते हैं, वहीं ग्रामीणों को चिकित्सा के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल एवं अन्य उच्च स्वास्थ्य संस्थान जाने के लिए आसानी होगी। इसके साथ ही ग्रामीण अब कृषि उपज एंव वनोपज के विक्रय के लिए हाट-बाजार तक सुगमतापूर्वक पहुंच सकेगें। इस बारे में भैरमगढ़ ब्लाक के मिरतूर क्षेत्र के सोमलू कड़ती, सुखराम माड़वी, दिलीप कड़ती आदि ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि पहले टेक्सी या अन्य किसी साधन से सफर करने में बड़ी दिक्कत होती थी, लेकिन अब बस सेवा के शुरु होने पर इस समस्या से निजात मिल गयी है। इसी तरह गलगम के माड़वी लच्छा, नरसा कट्टम एवं मडक़ाम आयतू ने बताया कि गांव से सीधे बीजापुर तक बस सेवा प्रारंभ होने के फलस्वरुप एक बड़ी आबादी को आवागमन सुविधा मिल रही है। अब ग्रामीण शिक्षा,स्वास्थ्य सुविधाओं से लाभान्वित होने के साथ जरुरी कामकाज के लिए सुबह बीजापुर जाकर शाम को गांव वापस जा सकते हैं।

जिला प्रशासन के द्वारा स्थानीय युवा परिवहन समिति के माध्यम से संचालित उक्त बस सेवा के जरिये युवाओं को रोजगार भी मिला है। इस बारे में बेचापाल से बीजापुर तक बस संचालन करने वाली युवा परिवहन समिति के सदस्य बलराम तेलामी एवं रमेश तेलम ने बताया कि उनके समिति में कुल 08 सदस्य हैं। अभी प्रारंभिक दौर में हर दिन बस संचालन से ईंधन एवं अन्य व्यय के पश्चात करीब 03 से 04 हजार रूपए की आय हो रही है। इस राशि को अभी समिति के खाते में जमा कर रहे हैं।

भैरमगढ़ ब्लाक के दूरस्थ बेदरे से बीजापुर तक बस संचालन करने वाली समिति के सदस्य महेश कुरसम एवं मोहित कुडिय़म ने बताया कि अभी शुरूआत है, इसलिए जो यात्री टेक्सी में भी सफर कर रहे थे। वे बस का निर्धारित समय होने के चलते अब बस में आना जाना कर रहे हैं। अभी समिति को बस संचालन से हर दिन सभी व्यय के पश्चात 02 से 03 हजार रूपए आय हो रही है। उक्त राशि को बचत कर रख रहे हैं ताकि आड़े वक्त काम आ सके।

## दो ट्रकों में जबरदस्त भिड़ंत चालकों की हुई मौके पर मौत, परिचालक गंभीर

**बेमेतरा (आरएनएस)।** नेशनल हाईवे में एक बार फिर आज सुबह दो ट्रकों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत गुनरबोड और उप जेल के बीच हो गई। जिससे मौके पर ही दोनों ट्रकों के ड्राइवर की मौत हो गई। एक हेल्पर घायल हुआ है।नहादसा इतना जबरस्त था कि ड्राइवर के सर धड़ से अलग हो गया और शरीर के टुकड़े टुकड़े हो गए। हादसे के घंटों बाद तक मृत ड्राइवर का आधा भाग वाहन में हीं फसा रहा। पुलिस के द्वारा बड़े ही मशक्कत के बाद वाहन में फंसे दोनों ही शवों को बाहर निकाला गया जबकि घायल हेल्पर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि सीमेंट लेकर ट्रक रायपुर से कवर्धा की ओर जा रहा था तो वहीं दूसरी तक कवर्धा से प्याज भरकर रायपुर जा रहा था। इसी दरमियान गुनरबोड के पास से हादसा हुआ है। इस सडक़ दुर्घटना में दोनों ही ड्राइवरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। हादसे के बाद घायल हेल्पर को इलाज के रायपुर रिफर कर दिया गया है। सूचना पर घटनास्थल पहुंची पुलिस के द्वारा दोनों ही ट्रकों में फंसे ड्राइवरों के शवों को बड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया तथा क्रेन की सहायता से दोनों ही वाहनों को अलग करके हटाया गया।

# 670 सरकारी स्कूल भवन जर्जर, 858 में बाउंड्रीवाल नहीं

**कोरबा।** खनिज न्यास मद से हर साल जिले को विकास कार्यों के लिए 200 करोड़ रुपये मिलता है। इसके बावजूद करीब 400 प्रायमरी, 150 मिडिल व 120 हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के भवन जर्जर हैं। वहीं 68 हाईस्कूल चार माडल स्कूल सहित 762 ऐसे स्कूल है जहां बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं हुआ है। सरकारी स्कूलों के ग्रीष्म अवकाश शुरू होने के बाद स्कूलों की सुरक्षा भगवान भरोसे है।



शिक्षा की दिशा व दशा सुधार के लिए शासन ने जगह जगह स्कूल निर्माण की स्वीकृति दी है। भवन निर्माण के साथ बाउंड्रीवाल निर्माण की स्वीकृति नहीं होने के कारण निर्मित भवन असुरक्षित हैं। इस कड़ी में कक्षोन्नायन के तहत जिले में 68 मिडिल स्कूलों को हाईस्कूल में उन्नायन किया है। उन्नायन स्कूलों के लिए भवन का निर्माण भी किया जा चुका है। निर्मित स्कूलों में एक भी भवन के लिए बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं हो सका है। बाऊंड्रीवाल नहीं होने से स्कलों में आसामजिक तत्वों का डेरा बना रहता है। नवनिर्मित स्कूलों में अधिकांश स्कूल ऐसे हैं जिनका निर्माण गांव के बाहर हुआ है। बस्ती से दूर होने के कारण इन स्कूलों में आसामाजिक तत्वों का डेरा बना रहता है। स्कूलों के दरवाजे खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो रही है। खिड़कियों में लगाए गए कांच टूट चुके हैं। परिसर में पशुओं का डेरा रहता है। यह स्थिति केवल हाईस्कूलों में ही नहीं बल्कि प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में भी है। जपेली, बिरदा सहित 32 प्राथमिक शालाओं में राजीव शिक्षा मिशन के तहत बाउंड्रीवाल का निर्माण स्वीकृत किया गया था। तात्कालीन समय में 1.5 लाख की लागत से निर्मित होने वाले बाउंड्रीवाल का कार्य पूरा नहीं हो सका है। जिन स्कूलों में निर्माण पूर्ण कर ली गई है वहां अभी तक गेट नहीं लगाया गया है।

बालिका शिक्षा उत्कर्ष के लिए दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में 16 कन्या हाई स्कूल का संचालन किया जा रहा है। इनमें सात स्कूलों में भी बाउंड्रीवाल का निर्माण अब तक नहीं हो सका है। पसान कन्या हाईस्कूल परिसर पूरी तरह से असुरक्षित है। बाउंड्रीवाल के अभाव में परिसर के शौचालय व पेयजल के लिए लगाए गए बोर क्षति ग्रस्त हो चुके हैं। बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण शौचालय सुविधा बालिकाओं के लिए उपयोगहीन साबित हो रही है।

## बरेठ मोहल्ला में संगवारी पुलिस चलित थाना आयोजित

**कोरबा।** सर्वमंगला चौकी पुलिस द्वारा 15 मई 2022 को बरेठ मोहल्ला में संगवारी पुलिस चलित थाना कार्यक्रम आयोजित कर बस्ती वासियो की समस्याएं सुनी गई एवं मोबाइल एटीएम से धोखाधड़ी व महिलाओं पर घटित अपराधों बच्चों पर घटित अपराध के संबंध की जानकारी दी गई।

भोजराम पटेल पुलिस अधीक्षक, अभिषेक वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा सूश्री लितेश सिंह नगर पुलिस अधीक्षक दर्री के मार्गदर्शन एवं निर्देश अनुसार जनता और पुलिस के बीच बेहतर संबंध बनाने के लिए 15 मई 2022 को चौकी सर्वमंगला के बरेठ मोहल्ला में संगवारी पुलिस के तहत चलित थाना का आयोजन किया गया चलित थाना में बरेठ मोहल्ला के बस्ती वासियो लगभग 55 की संख्या में उपस्थित थे चलित थाना में बस्ती वासियो को मोबाइल एटीएम से धोखाधड़ी संबंधी ठगी से बचने के संबंध में जानकारी दी गई तथा यातायात नियमों की जानकारी महिला संबंधी अपराधों बच्चों पर घटित अपराध रोक थाम की जानकारी अवैध शराब एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों जागरूक रहने की समझाइश दी गई।

## दुर्घटना में घायल शिक्षक ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

**कोरबा।** अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल बाइक सवार शिक्षक की उपचार के दौरान बिलासपुर अस्पताल में मौत हो गई। वहीं एक अन्य घायल का उपचार अस्पताल में चल रहा है। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।



पाली थाना अंतर्गत ग्राम बनबांधा के पास शनिवार की रात बाइक सवार सगे भाई आनंद सिंह 45 वर्ष व रनसिंह को किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी थी। घटना के बाद बाइक में आग लग गई थी। वहीं सवार दोनों भाइयों को गंभीर चोट आई थी। राहगीरों ने उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य में दाखिल कराया था। स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें उपचार के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया था। रविवार को आनंद सिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार दोनों भाई अपनी बेटी दामाद के घर से वापस लौट रहे थे, तभी बनबांधा के पास दुर्घटना का शिकार हो गए। मृतक आनंद सिंह प्राथमिक शाला में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई उपरांत शव स्वजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया।

## अब ग्रामीण सड़क का उपयोग नहीं कर सकेंगे कोयला वाहन

### प्रबंधन ने जारी किया आदेश

**कोरबा।** कोरबा जिले के अंतर्गत आने वाली चिरमिरी वेस्ट एरिया की कोयला खदान से निकलने वाले भारी वाहनों के कारण हो रही समस्या पर आखिरकार सख्ती दिखानी पड़ी। प्रबंधन ने हाल में ही एक आदेश जारी कर वाहनों के लिए ग्रामीण और फारेस्ट रोड को प्रतिबंधित किया है। अब उन्हें कोरबी होते हुए आवाजाही करनी होगी।



सूत्रों के अनुसार कोरबा जिले की रानीअटारी अंडरग्राउंडस माइंस से कोयला लेने वाले वाहन अपने गतंव्य को जाने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ और वन विभाग की सडक़ का उपयोग कर रहे हैं। इनका निर्माण सामान्य वाहनों और सीमित जरूरतों के लिए किया गया है। इनकी भारवहन क्षमता निर्धारित है। ऐसे में भारी वाहनों के चलने से सडक़ के टिकाऊपन पर असर पडऩा स्वाभाविक है। भारी वाहनों की आवाजाही से विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने आपत्ति जुटायी थी। शिकायत इस बात को लेकर भी की गई थी कि कोयला वाहनों की आवाजाही से ग्रामीण जनजीवन पर असर पड़ रहा है। गांव के शांत माहौल और यहां की खेतीबाड़ी भी इन कारणों से बाधित हो रही है। मामला संबंधित अधिकारियों तक पहुंचने पर उन्होंने भी इस पर संज्ञान लिया और एसईसीएल को अव्यवस्था पर रोक लगाने को कहा। इसके अनुक्रम में एसईसीएल रानीअटारी परियोजना के खान प्रबंधन द्वारा एक परिपत्र जारी कर दिया गया है।

## भाजपा का जेल भरो आंदोलन : पूरे प्रदेश में सैकड़ों कार्यकर्ता गिरफ्तार

### कोंग्रेस सरकार डरी हुई है-बृजमोहन

**रायपुर (आरएनएस)** बीजेपी का जेल भरो आंदोलन पूरे प्रदेश में सफल रहा है. सभी जिला मुख्यालयों पर भाजपाईयों ने भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला. राजधानी में सीएम हाउस का घेराव करने निकले भाजपाई नेता गिरफ्तार किए गए हैं. पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और तानाशाह बन गई है. सभी को जेल परिसर में रखा गया है. दावा है कि पूरे प्रदेश में 500 से ज्यादा भाजपाईयों ने गिरफतारी दी है।



बीजेपी का जेल भरो आंदोल आज दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुआ. राजधानी में पुलिस को चकमा देकर बीजेपी कार्यकर्ता निकल गए. राजधानी रायपुर में जेल भरो आंदोलन के दौरान भाजपा ने प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन किया. पुलिस ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर बस से जेल भेजा है. इनमें पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक, डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, भाजपा नेत्री आभा जैन, श्रीचंद सुंदरानी, भाजपा नेता गौरी शंकर श्रीवास, देवजी भाई पटेल, भाजपा नेता केदार गुप्ता, उमेश घोरमोड़े, सुनील चौधरी, शिव दुबे भाजपा नेत्री हर्षिता पाण्डे, इत्यादि नेता शामिल हैं. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए कि अघोषित आपातकाल का पुरजोर विरोध करेंगे, सबने ठाना है चाहे जो भी हो हम जेल भरेंगे।

राजधानी के ही तेलीबांधा में संगठन महामंत्री पवन साय के साथ भाजपा प्रवक्ता नरेश गुप्ता, दीपक महस्के, नवीन मारकण्डे सहित 529 लोगों ने दी गिरफतारी।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य विद्वानों एवं महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# रखरखाव के लिए बंद सीपत की एक इकाई शुरू

**कोरबा।** नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन एनटीपीसी सीपत की 660 मेगावाट की दो नंबर इकाई शुरू हो गई है। रखरखाव कार्य के लिए करीब ढाई माह पहले इसे प्रबंधन ने बंद किया था। ठीक गर्मी के मौके पर मरम्मत कार्य का निर्णय लिए जाने की वजह से करीब सात राज्यों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। अब इकाई के प्रारंभ होने से इन राज्यों को राहत मिलेगी।

सीपत संयंत्र से 660 मेगावाट की तीन व 500 मेगावाट की दो इकाइयां से कुल 2980 मेगावाट बिजली उत्पादन होती है। अक्टूबर 2021 में संयंत्र की 660 मेगावाट क्षमता की दो नंबर इकाई के जनरेटर में तकनीकी खराबी आने के साथ बंद हो गया। जनरेटर बिहार के बाढ़ प्रोजेक्ट से मंगाया गया है। इस वजह से सुधार कार्य में विलंब होना तय था। इसके बावजूद प्रबंधन ने मार्च माह में 660 मेगावाट की दो नंबर इकाई को वार्षिक रखरखाव के लिए बंद कर दिया। करीब ढाई माह तक एक साथ 1320 मेगावाट उत्पादन घटने से महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, पंजाब व गोवा समेत सात राज्यों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुआ।



इस बीच प्रबंधन पर रखरखाव के लिए बंद इकाई को पुन: प्रारंभ करने दबाव बना। युद्धस्तर पर दिन रात 24 घंटे सुधार कार्य करते हुए 13 मई को इकाई शुरू किया गया। इस इकाई से 25 फीसद बिजली राजीव को मिलने लगी है। वहीं अन्य राज्यों को भी बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई है। बंद 660 मेगावाट एक अन्य इकाई के लिए बिहार से मंगाया गया जनरेटर जल्द ही पहुंचने की उम्मीद है। जानकार सूत्रों का कहना है कि जनरेटर पहुंचने के बाद ही सुधार कार्य में करीब एक माह का वक्त और लगेगा।

दो नंबर इकाई के पूरे लोड पर चलने से सीपत संयंत्र में कोयले की खपत बढ़ गई है। यहां साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एसईसीएल के दीपका खदान से कोयला आपूर्ति की जाती है। इसके लिए मेरी.गो. राउंड रेल परिवहन की सुविधा है। बताया जा रहा है कि प्रबंधन ने कोयले की मांग बढ़ाते हुए मेरी. गो. राउंड के फेरे बढ़ाने कहा है। एसईसीएल प्रबंधन पहले से कोयला संकट से जूझ रहे देश के अन्य संयंत्रों को कोयला आपूर्ति करने के दबाव में है।

एनटीपीसी कोरबा, सीपत व लारा में फिलहाल कोयले का पर्याप्त भंडार है। क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक पांडेय ने बताया कि संयंत्रों में कोयला संकट जैसी स्थिति नही है। कोरबा संयंत्र में 11 दिन, लारा में 11 दिन, सीपत में 19 दिन व एनटीपीसी के भिलाई संयंत्र में 12 दिन का कोयला स्टाक है। उधर विद्युत कंपनी के हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम एचटीपीपी में 11 दिन, डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र में चार व मड़वा प्रोजेक्ट में नौ दिन का कोयला है।